तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

10 विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी लोक..

10 डिप्टी एमएस डा. राजेश को चुना एचसीएमएसए जिलाध्यक्ष

खबर संक्षेप

बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जींद। गांव रामराये तथा गुलकनी के बीच जींद-हांसी मार्ग पर किलोमीटर स्कीम बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक के पास ऐसा कुछ नही मिला। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। सदर थाना के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि लगभग 25 वर्षीय युवक जींद से नारनौंद की तरफ बाइक पर सवार हो कर जा रहा था। जबकि किलोमीटर स्कीम की बस जींद की तरफ आ रही थी।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कैथल। ढांड में पिहोवा रोड पर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि साथी घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। ढांड थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे का शिकार हुए दोनों बाइक सवार मजदूरी करने पिहोवा जा रहे थे। पुलिस को दी शिकायत में ढांड निवासी कृष्ण ने बताया कि 16 मार्च की शाम वह साथी 38 वर्षीय साथी राकेश के साथ बाइक पर पिहोवा की ओर जा रहा था।

अश्लील हरकत करने के आरोपित गिरफ्तार

जींद। शहर थाना सफीदों पुलिस ने नाबालिग लड़कियों से अश्लील हरकत करने तथा उनके परिजनों के साथ मारपीट करने के दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने गत 15 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पड़ोसी रमन उसकी नाबालिग लड़कियों को पढ़ने जाते समय पीछा करता था। आरोपित रमन ने उसकी भतीजी से अशील हरकत की जब आपत्ति जताई तो आरोपितों के परिजनों ने कुछ अन्य के साथ मिल कर हमला कर दिया।

जेब से 20 हजार की नकदी चोरी, केस दर्ज

कैथल। कलायत के बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय दो अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति की जेब से 20 हजार रुपए की नकदी चुरा ली। पुलिस को दी शिकायत में गांव कौलेखां के कुलदीप ने बताया कि 16 मार्च को सुबह करीब सवा 9 बजे वह कलायत बस स्टैंड पर खड़ा था। जैसे ही वह हिसार जाने वाली बस में चढ़ने लगा तो इसी दौरान दो अज्ञात युवक उसकी पैंट की साइड वाली जेब से 20 हजार रुपए निकालकर मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

घर में घुस हमला करने पर सात के खिलाफ केस

जींद। गांव ललितखेड़ा घर में घुस हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव ललितखेड़ा निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मकान के सामने खड़ा हुआ था। उसी दौरान पड़ोसी अमन ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। जिसके बाद वह अपनी मां के साथ अंदर चला गया। शाम को अमन परिवार के लोग उसके मकान में घुस आए और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

विवाहिता लाखों के जेवर लेकर फरार

कैथल। सीवन थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब 25 वर्षीय विवाहिता लाखों रुपये के सोने चांदी के गहने व नकदी तथा बेटी को लेकर फरार हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान महिला का पति कंबाइन पर फसल कटाई के लिए मध्य प्रदेश गया हुआ था। विवाहिता की सास भी अपने काम से बाहर गई हुई थी। घर पर महिला अपनी बेटी के साथ अकेली थी। सुबह करीब 11 बजे वह घर से फरार हो गई।

महिला की सास ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा मध्यप्रदेश में कंबाइन चलाने के लिए गया हुआ है।

जंग का असर: उपभोक्ता बोले-बुकिंग के 72 घंटे बीत जाने के बाद भी डिलीवरी नहीं मिल रही

जींद में गैस सिलेंडरों को लेकर मारामारी

कालाबाजारी रोकने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

सुबह होते ही एजेंसी के बाहर लग रही उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें

जींद। गैस एजेंसी के बाहर लाइन लगाए उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि

पूंडरी। गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की कतारें। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गैस सिलेंडरों को लेकर मारामारी लगातार जारी है। भविष्य की चिंता उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों तक खींच ला रही है और सुबह ही उपभोक्ता गैस एजेंसियों के आगे खड़े होकर लंबी लाइनें लगा ले रहे हैं, जो दोपहर तक लगी रह रही है। वहीं डिलीवरी को लेकर भी लोगों में संश्य बना है। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी लोगों को डिलीवरी नही मिल रही है। शहरी क्षेत्र में डिलीवरी समय पर होने की बात कही जा रही है लेकिन ऐसा नही है। लोगों को अपने सिलेंडर बुक करवाए हुए दो से तीन दिन हो चुके हैं लेकिन डिलीवरी नही मिल रही है। इस बारे में जब गैस एजेंसी से बात की जाती है तो वो भी स्पष्ट जवाब नही दे पाते हैं। ऐसे में गैस उपभोक्ताओं की परेशानी खत्म होने का नाम नही ले रही है। सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत खाद्य एवं पूर्ति विभाग की टीम द्वारा शहर के पुराना बस अड्डा, खानसर चौक, मेन बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की गई। सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी मोहित भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित हैं लेकिन कुछ स्थानों पर इन्हें व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जा रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान टीम ने होटल, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। कई स्थानों पर सिलेंडर जब्त किए गए और संचालकों को सख्त चेतावनी भी दी गई। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि किसी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही करें और किसी भी प्रकार के दुरुपयोग से बचें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा नियमों की पालना करवाना है। इस अवसर पर उनके साथ निरीक्षक अभिनव, डीईओ सुमित भी उपस्थित रहे।

आपूर्ति में कोई कमी नही : डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिले में एलपीजी, सीएनजी तथा पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। एलपीजी गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी को लेकर शासन व प्रशासन सजग व सतर्क है। अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। किसी प्रकार अनियमितता मिलने और अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एलपीजी गैस, सीएनजी, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति आवश्यकता के अनुसार हो रही है। रसोई गैस की कमी नहीं है। सभी उपभोक्ताओं से प्रशासन की सलाह है कि पैनिक होकर एलपीजी बुकिंग न करें। पहले की तरह आवश्यकता होने पर ही एलपीजी खरीदें। आमजन किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

गैस सिलेंडर पर्याप्त उपलब्ध:आर्य

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य ने कहा कि जिला में गैस सिलेंडर, पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और अनियमितता पर रोक लगाने के लिए विभाग की ओर से विशेष निगरानी की जा रही है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जो जिले में एजेंसियों और सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। बताया कि मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए तथा एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थों की नियमित जांच करने के लिए सभी एएफएसओ व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई हुई है जो भी कालाबाजारी व जमाखोरी करते मिला उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

एजेंसी संचालक पर मनमानी करने का लगाया आरोप

पूंडरी। पूंडरी में रसोई गैस की किल्लत अब आम समस्या नहीं, बल्कि गंभीर संकट का रूप ले चुकी है। एजेंसी के बाहर रोजाना सुबह से लेकर देर शाम तक उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन इसके बावजूद लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। हालात ऐसे हैं कि कई उपभोक्ताओं को बार-बार चक्कर काटने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ता राजू, राजेश कुमार, प्रवीण, अशोक और मुकेश सहित दर्जनों लोगों ने तीखा रोष जताते बताया कि गैस सिलेंडर लेने के लिए उन्हें कई-कई दिन से एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद जब नंबर नहीं आता तो निराशा हाथ लगती है। कहा कि समस्या दिन-प्रतिदिन और भी विकराल होती जा रही है, जिससे आम आदमी की रसोई तक प्रभावित हो रही है। लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एजेंसी संचालक मनमानी पर उतारू है और अपने चहेते लोगों को पीछे के दरवाजे से सिलेंडर दिए जा रहे हैं, जबकि आम जनता को लाइन में खड़ा कर परेशान किया जा रहा है। प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। वहीं एजेंसी संचालक अशोक कुमार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि गैस की कोई कमी नहीं है और बुकिंग के 2 से 3 दिन के भीतर ही सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

राजौंद: गैस की किल्लत गहराई, लोग परेशान

राजौंद। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजौंद स्थित तुलसी गैस एजेंसी पर इन दिनों गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आते हैं। स्थिति यह है कि एजेंसी पर जो भी सप्लाई पहुंचती है,उसे तुरंत वितरित कर दिया जाता है, लेकिन मांग के मुकाबले आपूर्ति बेहद कम साबित हो रही है। गैस की कमी के कारण कई उपभोक्ताओं को बार-बार एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले जहां गैस आसानी से मिल जाती थी, वहीं अब कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। एजेंसी प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि गैस की मांग लगातार बढ़ रही है और वर्तमान में अग्रिम बुकिंग का आंकड़ा 1300 के पार पहुंच चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में एजेंसी को 342 सिलेंडरों की सप्लाई मिली थी, जिसे तुरंत उपभोक्ताओं में वितरित कर दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही नई खेप एजेंसी को प्राप्त होगी, प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने और समय पर बुकिंग कराने की अपील भी की है।

हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर फिलिंग का कार्य जारी

- जींद से सोनीपत रूट पर पहली बार ट्रेन के दो चक्कर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन के आगामी दिनों में होने वाले ट्रायल को लेकर फिलिंग की जा रही है। इसके लिए बाहर से दो से तीन टैंकरों में गैस मंगवाई गई है। हालांकि हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रोफायर पिछले कुछ दिनों से खराब पड़ा है। इसकी जांच के लिए जर्मनी से तकनीकी कर्मचारी आना है। तकनीकी सुधार व मेनटेंनस के बाद दिल्ली से ट्रेन के लौटने के बाद ट्रेन का ट्रायल लगातार किया जाएगा। सोमवार को दोबारा से हुए ट्रायल में ट्रेन को जींद से सोनीपत रूट पर दो बार चलाया गया। इस दौरान हर जंक्शन पर ट्रेन को एक से दो मिनट पर रोका और ट्रेन की स्पीड 70 से 75 किलोमीटर प्रति घंटा रही थी। ट्रायल के लिए पानी की कैनियों को दोबारा से ट्रेन में रखा है। जींद से सोनीपत रूट पर पहली बार ट्रेन के दो चक्कर लगाए गए हैं। इससे पहले 25 से 28 फरवरी को चार दिन तक हुई ट्रायल के दौरान जींद से सोनीपत रूट पर एक ही चक्कर लगाया गया था।

अवैध फैक्टरी मालिक की निशानदेही पर पटाखे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बिना अनुमति के विस्फोटक सामग्री से पटाखों को निर्माण कर लोगों की जान जोखिम में डालने के रिमांड पर लिए आरोपित की निशानदेही पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने विस्फोट सामग्री को बरामद किया है। आरोपित ने क्रोकरी की दुकान के पीछे गोदाम बना कर उसमें छुपाया था। सफीदो में गत सात मार्च को अवैध फैक्टरी में आग लगने से हुई महिला मजदूरों की मौत के बाद पुलिस ने गांव कुरड़ मे छापेमारी की थी। जहां पर किराये के मकान में बिना अनुमति के बंब पटाखे की फैक्टरी चल रही थी। वहां पर काफी मात्रा में विस्फोट सामग्री बरामद की थी। शिकायत के आधार पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने गत 11 मार्च को सफीदों निवासी सतनाराण, राकेश समेत चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ लोगों की जान जोखिम में डालने, मजदूरों को बंधक बना कर रखने, विस्फोट सामग्री का भंडारण करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। सदर थाना सफीदों पुलिस ने आरोपित सतनारायण को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमाडं पर लिया था। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि उसने एमजी रोड पर क्रोकरी की दुकान बनाई हुई। जिसके पीछे गोदाम में कुछ सामान बचा हुआ है। मंगलवार को डूयटी मजिस्ट्रेट तहलसीदार राजेश गर्ग के नेतृत्व में एमजी रोड आरोपित सतनारायण की दुकान पर दस्तक दी और सर्च अभियान चलाया। जिसके दौरान पीछे गोदाम से स्मॉग कैंडल, रॉकेट, फुलझड़ी, धरतीमार बम, बीड़ी बम, मिक्स पटाखे बरामद अन्य सामग्री बरामद हुई। जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। आरोपित सतनारायण के खिलाफ शहर थाना सफीदों में गैर इरादतन समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत अलग से मामला दर्ज है।

बम-पटाखों की पेटियां बरामद

सदर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि रिमांड पर लिए आरोपित की निशानदेही पर उसकी दुकान में सर्च अभियान चलाया था। जिसमे कुछ बम पटाखों की पेटियां बरामद हुई हैं। आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

42.88 ग्राम हेरोइन के साथ 3 सप्लायर दबोचे

जींद। जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो कारों में सवार तीन नशा स्पलायरों को काबू कर कब्जे से 42.88 ग्राम हेरोइन बरामद की है। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए सप्लायरों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

जेब से बरामद हुई 31.95 ग्राम हैरोइन एवीटी स्टाफ जींद के ईचांर्ज उपनिरीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि एवीटी स्टाफ को सूचना मिली थी कि व्यक्ति कार में सवार होकर मैंगलपुर की तरफ नशीले पदार्थ स्पलाई करने जाने वाला है। जिसके आधार पर एवीटी स्टाफ ने गांव सच्चाखेड़ा तथा मैंगलपुर के बीच नहर पुल पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद सामने से आई कार को रूकवा कर तलाशी ली गई तो उसमें कुछ नही मिला। जब चालक की तलाशी ली।

मिड-डे मील राशन में वितरित की जा रही घटिया सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अधिकारी प्रमोद से बातचीत करते अध्यापक।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा,जिला सचिव अमर नाथ किठानिया, सतपाल पांचाल, राजेश कुमार, संदीप शर्मा व प्रवीन कुमार ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अधिकारी प्रमोद कुमार से हरियाणा एग्रो द्वारा जिले में घटिया क्वालिटी के मिड डे मील राशन की सप्लाई के मुद्दे को लेकर बैठक की। बताया कि स्कूलों को सप्लाई किया जा रहा राशन घटिया किस्म का है। पैकेटों पर केवल एक्सपायरी तिथि अंकित की है। खास तौर पर नमक, गुड़ ,चना बेसन, नमक, लाल मिर्च व दाले बहुत ही निम्न स्तर के हैं। बताया कि राशन के प्रयोग से विद्यार्थियों के बीमार होने की आशंका है। जिले के कई स्कूलों से लिखित में शिकायत भी संगठन के पास आई है और संगठन की तरफ से लिखित में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को अवगत करवा दिया है। अध्यापक नेताओं ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से इस मामले पर संज्ञान लेने व राशन की क्वालिटी की जांच की मांग की। बताया कि घटिया किस्म का राशन भेजने के लिए वितरण करने वाली फर्म ने छुट्टी के दिन का समय ही रास आता है,क्योंकि वो जानते हैं कि छुट्टियों में जल्दबाजी में सामान ले लिया जाएगा और बाद में स्कूलों पर ठीक तरह से रख रखाव न करने का बेबुनियाद आरोप लगाकर पल्ला झाड़ लेने की कोशिश की जाती है परंतु हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने मामले में लगातार संज्ञान लेते शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस बारे में बार बार अवगत करवाया जा रहा है और बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले इस तरह के घटिया किस्म के राशन का विद्यालय मुखियाओं के सहयोग से बहिष्कार करवाया जाएगा। संगठन सभी स्कूल मुखियाओं से अपील करता है कि लिखित शिकायत बीइओ के माध्यम से भी विभाग को प्रेषित करें।

जींद। बधाना गांव में नहरी पानी से भरे दिखाई देते टैंक। फोटो :हरिभूमि

टैंक फुल के बावजूद भी पानी को तरसे बधाना गांव के ग्रामीण

- करोड़ों खर्च कर बिछाई पाइप लाइन भी नहीं बुझा पाई प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

प्रदेश सरकार द्वारा पिछले कई वर्षो से बधाना गांव के लोगों को नहरी पानी उपलब्ध करवाने को लेकर करोड़ों रूपये खर्च कर पाइप लाइन तो बिछा दी लेकिन अधिकारियों की मायूसी के चलते गांव के जलघर में लगाए पंपसेट के करीब दो महिने से खराब होने के चलते लोगों को नहरी पानी नहीं मिल रहा है। जिसके चलते गांव के लोगों में जिला प्रशासन के प्रति रोष है। हालांकि गांव के जलघर में बने टैंक नहरी पानी से भरे हुए हैं, लेकि न उसके बावजूद भी लोगों को नहरी पानी नसीब नहीं हो रहा है। बधाना निवासी मनफू ल, बलवान, महावीर, विकास, जोगिंद्र, जगदीश, बलबीर, सतबीर आदि ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बधाना गांवों के लोगों को नहरी पानी उपलब्ध करवाने को लेकर जींद नहर से जलघर तक पाइप लाइन बिछाने का काम किया था। इसके लिए बधाना गांव के जलघर में बने टैंक भी नहरी पानी से फुल हैं, लेकिन उसके बावजूद भी जलघर में लगाए पंपसेट के करीब दो महिने से खराब होने के चलते लोगों को नहरी पानी नहीं मिल रहा है। गांवों के लोगों का कहना है कि जब इस गांव के लोगों को नहरी पानी उपलब्ध करवाना ही नही था तो फिर करोड़ों रुपये खर्च कर पाइप लाइन क्यों बिछाई। गांव के लोगों ने जलापूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों से जलघर में लगे पंपसेट को जल्दी ठीक करवा नहरी पानी चालू करने की मांग की है ताकि लोगों को पीने के नहरी पानी के मामले में किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े।

मामला संज्ञान में नहीं जल्द करवाएंगे ठीक

जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित ने बताया कि मामला फिलहाल उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसी बात है तो जल्द पंपसेट को ठीक करवा लोगों को नहरी पानी उपलब्ध करवा दिया जाएगा। पीने के पानी मामले में लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

चैत्र नवरात्र: ट्रेन नंबर 19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी धाम एक्सप्रेस में स्लीपर -थ्री एसी में भी जगह नहीं

वैष्णो देवी जाने वाली गाड़ियों में चल रही भारी वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू होने जा रहे हैं। ऐसे में जींद से काफी श्रद्धालु वैष्णो देवी मां के दर्शनों के लिए जा रहे हैं। ऐसे में जींद से होकर जम्मू-कटरा की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। ऐसे में ट्रेन नंबर 16031 अंडमान एक्सप्रेस में स्लीपर में 100 की वेटिंग चल रही है और दूसरी ओर थ्री एसी और टू एसी में जगह ही नहीं बन पा रही है। वहीं ट्रेन नंबर 19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी धाम एक्सप्रेस में स्लीपर और थ्री एसी में भी जगह नहीं है। वहीं ट्रेन नंबर 16317 हिमसागर एक्सप्रेस में स्लीपर में 186 की वेटिंग चल रही है और थ्री एसी में यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रही है। वहीं ट्रेन नंबर 16787 में स्लीपर में भी जगह नहीं है। ट्रेन नंबर 16031 अंडमान एक्सप्रेस सुबह पांच बजकर दस मिनट पर चेन्नई सेंट्रल से चलकर नागपुर, भोपाल, ग्वालियर, आगरा, मथुरा, फरीदाबाद, दिल्ली होते हुए रात सवा 11 बजे जींद जंक्शन पर पहुंचती है। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन उचाना, नरवाना, टोहाना, जाखल, धुरी, जालंधर कैंट होते हुए सुबह लगभग पौने 11 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा धाम पहुंचती है। 19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी धाम एक्सप्रेस दोपहर बाद साढ़े चार बजे के बाद कोटा से चल कर सवाई माधोपुर, गंगानगर सिटी, भरतपुर, मथुरा, फरीदाबादए नई दिल्ली होते हुए रात लगभग डेढ़ बजे जींद पहुंचती है। यहां तीन मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन टोहाना, जाखल, धुरी, जालंधर के रास्ते श्री माता वैष्णो देवी कटरा धाम पहुंचती है। ट्रेन नंबर 16317 हिमसागर एक्सप्रेस दोपहर बाद सवा दो बज कन्याकुमारी से चलकर चित्तौड़, तिरुपति, नागपुर, भोपाल, आगरा, फरीदाबाद, दिल्ली होते हुए जींद पहुंचती है। यहां तीन मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन नरवाना, टोहाना, जाखल होते हुए श्री माता वैष्णो देवी धाम कटरा पहुंचती है। ट्रेन नंबर 16787 तिरुनेलवेली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस शाम छह बजे तिरुनेलवेली से चलकर भोपाल, ग्वालियर के रास्ते रात सवा 11 बजे जींद पहुंचती है। यहां तीन मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन संगरूर, धुरी होते हुए सुबह लगभग पौने 11 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा धाम पहुंचती है।

स्थिति सामान्य होने की संभावना

जींद जंक्शन स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि नवरात्र में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। नवरात्र के बाद ट्रेनों में स्थिति सामान्य होने की संभावना है। चैत्र नवरात्र के चलते जींद से होकर जम्मू की तरफ जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। वैष्णो देवी धाम में जींद से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने जाते हैं।

खबर संक्षेप

ग्राम सभा की बैठक में सरपंच के साथ हाथापाई

जींद। गांव अनूपगढ़ में ग्राम सभा की बैठक के दौरान सरपंच के साथ दुर्व्यहार करने तथा गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, दुर्व्यहार करने धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव अनुपगढ़ के सरपंच ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस गांव में ग्राम पंचायत की सभा बुलाई गई थी। जिसमें विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जानी थी।

खेत से बिजली मोटर चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव सैंथली खेत से बिजली मोटर चोरी होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सैंथली निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से बिजली मोटर को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह खेत में पहुचा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महेंद्र की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता, केस

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जोगेंद्र नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं दनौदा खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 24 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने गायब लड़कियों को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

बनभौरी में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

उचाना। देवभूमि बनभौरी में वैदिक भूमि फाउंडेशन बनभौरी धाम द्वारा ब्रह्मचारी महाराज के मंगल वार्षिक महोत्सव के अवसर पर 19 मार्च को दिव्य संत समागम एवं विशाल भंडारा जय माता शिक्षण संस्थान बनभौरी में आयोजित किया जाएगा। वैदिक भूमि फाउंडेशन बनभौरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि 19 मार्च को दिव्य संत समागम के अलावा सुबह 11 बजे से सायं पांच बजे तक विशाल निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रहेगा। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक जरूरतमंद मरीजों के हार्ट, कैंसर एवं आंखों की जांच करेंगे।

अधिकृत कॉलोनियों में ही खरीदें सिर्फ संपत्ति

जींद। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया नें बताया कि नरवाना शहर क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। जिसके लिए विभाग से लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी नहीं ली गई है। उन्होंने बताया कि नरवाना मे राजस्व एस्टेट के खसरा नंबर 332//25मिनट, 345//1मिन, 346//5मिनट में यह मामला सामने आया है। जिस पर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला नगर योजनाकार ने आम जनता से अपील की है कि इन खसरा नंबरों में प्लॉट या छोटे भूमि हिस्सों की खरीद-फरोख्त न करें।

कैरियर उन्मुख कार्यशाला का आयोजन

जींद। राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी की टीम के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए कैरियर उन्मुख कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य रोजगार के अवसरों, कंपनियों की कार्यप्रणाली तथा आवश्यक कौशलों के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य सत्यवान मालिक के मार्गदर्शन में आयोजित किया तथा प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डा. सुनीता मेहरा द्वारा इसका सफल संचालन किया।

सीआरएसयू में अतुल्य भारत के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का दूसरा दिन

विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी लोक संस्कृति का बिखेरा जादू

परंपरा, संगीत और नृत्य का संगम, फेस्टिवल के दूसरे दिन छाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अतुल्य भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय फोक डांस फेस्टिवल का दूसरा दिन रंग, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर रहा। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया और पूरे परिसर को लोक संस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया। यह भव्य सांस्कृतिक उत्सव 16 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के कोने-कोने से आए कलाकार भारत की समृद्ध लोक परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में धर्मवीर मिर्जापुर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नही बल्कि भारत की गौरवशाली परंपराओंए विविध संस्कृतियों और समृद्ध विरासत का उत्सव है।

जींद। मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए टीमें। *फोटो :हरिभूमि*

उन्होंने कहा कि भारत को विविधताओं का देश कहा जाता है, जहां हर कुछ किलोमीटर पर भाषा, खान-पान, पहनावा और परंपरा बदल जाती है लेकिन इन सबके बीच हमारी साझा भारतीय संस्कृति हमें एक सूत्र में बांधे रखती है। यही संस्कृति हमें एकता, भाईचारे और सह.अस्तित्व का संदेश देती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर अत्यंत विशाल और विविधतापूर्ण है। हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता, अनेक भाषाएं, विभिन्न धर्म, लोक परम्परा, शास्त्रीय कलाओं और अनगिनत लोक नृत्य एवं संगीत की परंपरा हमारे देश को अद्वितीय बनाती हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुडऩे का अवसर मिलता है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम के दूसरे दिन लगभग 120 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज उत्तराखंड, नागालैंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश और पंजाब से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी लोक कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। रंग बिरंगे परिधानों, पारंपरिक संगीत और जोशीले नृत्य ने माहौल को जीवंत बना दिया। हर प्रस्तुति में उस क्षेत्र की संस्कृति, इतिहास और जीवनशैली की झलक देखने को मिली। इस दौरान कुल आठ प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों को अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराया। दर्शकों ने भी कलाकारों की हर प्रस्तुति पर तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। समग्र रूप से फोक डांस फेस्टिवल का दूसरा दिन भारत की अनेकता में एकता की भावना को साकार करता नजर आया। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बनाए बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता का भी सशक्त संदेश देने में सफल रहा। मंच पर प्रस्तुत हर नृत्य में उस क्षेत्र की परंपरा, जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

दर्शकों ने लिया आनंद

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान, लोक संगीत की मधुर धुनें और कलाकारों की ऊर्जा से भरपूर अभिव्यक्ति ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक और यादगार बना दिया। दर्शक भी पूरे उत्साह के साथ हर प्रस्तुति का आनंद लेते नजर आए और तालियों की गूंज से कलाकारों का हौसला बढ़ाते रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संयोजक डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से आए कलाकार अपनी-अपनी लोक संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं बल्कि विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक धरोहर को एक मंच पर लाकर आपसी समझ, सम्मान और एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि यह भव्य आयोजन एनसीडीसी प्रयागराज द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जबकि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम का मेजबान बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

डा. भोला को एचसीएमएसए प्रधान बनने पर बधाई देते सीएमओ डा. सुमन कोहली।

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला को चुना एचसीएमएसए जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल जींद के डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. राजेश भोला को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचसीएमएसए) ने सर्वसम्मति से जींद जिला अध्यक्ष चुना गया है। एसोसिएशन की बैठक में सभी सदस्यों की एकमत राय से डा. भोला के नाम का प्रस्ताव पास हुआ। संगठन ने उन्हें आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी सौंप दी है। बैठक की अध्यक्षता डा. बिजेंद्र ढांडा ने की। डा. ढाडा ने कहा कि वो आशा करते हैं कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्व पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। डा. राजेश भोला ने कहा कि एसो ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। डॉक्टर्स के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं का समाधान और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम करूंगा। इसके अलावा डा. मनदीप सरोहा को उप प्रधान, डा. विशाल सांगवान को महासचिव, डा. मुनिश को संयुक्त सचिव व डा. सुधीर को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। सीएमओ डा. सुमन कोहली सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों और एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों ने डा. भोला को जिलाध्यक्ष पद पर मनोतिन होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चुनाव डॉक्टर्स के बीच एकता और संगठन की मजबूती का प्रतीक है। इससे पहले डा. बिजेंद्र ढांडा ही जिलाध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे थे। डा. पालेराम, डा. रघुवीर सिंह पूनिया, डा. बिजेंद्र ढांडा, डा. संदीप लोहान, डा. अभीक, डा. चंद्रमनी, डा. मनदीप, डा. हेमंत, डा. सन्नी, डा. संदीप मलिक, डा. दीक्षा, डा. भव्या, डा. अंशुल, डा. जितेंद्र, डा. विरेंद्र, डा. प्रिंस सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। गौरतलब है कि डा. भोला जिले में लंबे समय से सक्रिय चिकित्सक हैं और पहले विभिन्न मुद्दों पर एसोसिएशन के साथ जुड़कर डॉक्टरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाते रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल।

सरकार की नीतियों से हर वर्ग खुशः डा. पुष्पा

जुलाना। भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार गरीबों के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसी योजनाएं लागू की जा रही हैं। जिनका सीधा लाभ समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग को मिल रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग का समग्र विकास करना हैए ताकि कोई भी व्यक्ति पीछे न रह जाए। डा. तायल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण गरीबों के जीवन स्तर में सुधार देखने को मिला है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना और राशन वितरण जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे लाखों परिवारों को राहत मिली है। सरकार पारदर्शिता के साथ योजनाओं को लागू कर रही है। जिससे पात्र लोगों तक लाभ सही तरीके से पहुंच रहा है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली को देखते हुए आगामी पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु, पांडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूत स्थिति में है। जनता का विश्वास भाजपा के साथ है और यही विश्वास चुनाव परिणामों में भी दिखाई देगा।

मां भगवती की पूजा से मिटेंगे कष्टः कौशिक

उचाना। देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी शक्तिपीठ पुजारी प. श्याम लाल कौशिक ने श्रद्धालुओं को कहा कि नवरात्र में विधि विधान से मां भगवती की पूजा, अर्चना करने से कष्टों से मुक्ति मिलेगी तो मनोकामना पूर्ण होगी। पूजन में विधि और विधान का बहुत महत्व होता है। सर्वप्रथम अपने पूजा घर में पूरब और उत्तर के कोने में रेत या मिट्टी में जौं बोएं। उसके ऊपर जल से भरा हुआ कलश रखें। कलश में एक सुपारी दो लोंग दो इलायचीए दूब घास, एक जायफल, एक पान का पत्ता, एक आम की टहनी पिसी हुई थोड़ी हल्दी रोली एवं गंगाजल डालें। आम के पत्ते कलश के ऊपर रखें। ध्यान रहेए आम के पत्तों की संख्या 5, 7, 9 या 11 होनी चाहिए। एक पात्र में चावल भरकर उसे कलश के ऊपर रखें। नारियल के ऊपर लाल चुनरी लपेट कर उसमें कुछ दक्षिणा भी रख दें।

बीकॉम द्वितीय वर्ष की यशिका जैन प्रथम

- हिंदू कन्या कालेज में मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा रोचक और शैक्षणिक कार्यक्रम मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय चाणक्य द मैनेजमेंट चैलेंज रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से की। कहा कि यह प्रतियोगिता छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक होगी और उनके आत्म विश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी सुदृढ़ करेगी। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डा. उपासना ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय छात्राओं में प्रबंधन कौशल, नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक सोच, टीमवर्क व रणनीतिक सोच का विचार करना था। आयोजन के अंतर्गत विभिन्न प्रकार मैनेजमेंट गेम्स सात चरणों में आयोजित किए। जिनमें बिजनेस सिचुएशन हैंडलिंग, टीम बिल्डिंग गतिविधियां, प्रबंधनकीय क्विज, रोल प्ले, ब्लाइंड फोल्ड, ब्रांड अनुमान, विज्ञापन नारा, उद्देश्य वर्णन जैसे प्रतिस्पर्धाएं शामिल की गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों और दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन की प्रबंध चुनौतियों का अनुभव कराया गया। जिससे वे अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू कर सकें। इस प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर बीकॉम सेकंड ईयर की यशिका जैन, बीकॉम प्रथम वर्ष की हिताक्षी, बीकॉम तृतीय वर्ष की दिव्या जैन एवं एमकॉम प्रथम वर्ष की तानिया वर्मा रही। द्वितीय स्थान पर बीकॉम द्वितीय वर्ष से कुसुम, बीकॉम तृतीय वर्ष से हेमा, बीकॉम प्रथम वर्ष से नैना और एमकॉम अंतिम वर्ष से उपासना रहे और तृतीय स्थान बीकॉम प्रथम वर्ष से दृष्टि, बीकॉम द्वितीय वर्ष से आस्था, बीकॉम प्रथम वर्ष से दिव्या और एमकॉम प्रथम वर्ष से नेहा ने प्राप्त किया।

चाणक्य के सिद्धांत प्रासंगिक

महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर वाणिज्य विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कहा कि चाणक्य के सिद्धांत आज भी प्रबंध के क्षेत्र में प्रासंगिक है और इनसे प्रेरणा लेकर छात्राएं अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकती हैं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. सुषमा हुड्डा, रेखा सैनी, वाणिज्य विभाग से असिस्टेंट प्रो ज्योतिका, वंशिका और पूनम भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा।

चांदपुर गांव में होदी में लारवा की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

मलेरिया परजीवी जनित रोगः नरेंद्र ढांडा

जींद। नगूरां पीएचसी के अधीन स्वास्थ्य विभाग ने चांदपुर, नगूरां, दिल्लूवाला, दालमवाला समेत विभिन्न गांव में मलेरिया, डेंगू रोधी अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। टीमों ने लोगों के घर-घर पहुंच कर दूर होगी डेंगू मलेरिया की बीमारी, जब हम निभाएगें अपनी पूरी जिम्मेदारी स्लोगनों से जागरूक किया। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि मलेरिया एक परजीवी जनित रोग है, जो मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से फैलता है। जोकि रक्त में प्लाजमोडियम परजीवी छोड़ देता है। इससे मनुष्य का रक्त संक्रमित हो जाता है। मलेरिया के लक्षणों के बारें में बताते स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि कंपकंपी के साथ बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द और अत्यधिक पसीने के साथ बुखार उतरना, उल्टी लगना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपने आसपास घरों, नालियों व गडडों में पानी जमा न होने दें। इसके अलावा सप्ताह में एक बार अपने गमले, टंकी, कूलर, फ्रीज, होदी और छत पर पड़े कबाड़ की सफाई अवश्य करें। घरों के दरवाजों व खिड़कियों में जाली लगवाएं तथा दवाई युक्त परदों का प्रयोग करें।

बदमाशों को पकड़ कर पक्का इलाज करने के लिए मुहिम चलाए पुलिस प्रशासन : महावीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर ने जुलाना मंडी के आढ़ती को बदमाशों द्वारा अपहरण की कोशिश की। इस घटना को लेकर व्यापारियों में काफी दहशत है। बताया कि सुशील तायल जोकि जुलाना मंडी में आढत का काम करते हैं, उसको सरेआम बदमाशों द्वारा अपहरण की कोशिश की है तो सुशील तायल ने घटना की जगह शोर मचाने से बदमाशों की कोशिश नाकाम हुई। यह एक बहुत बड़ी चिंता की घटना है। बदमाश खुले आम फिरौती व अपहरण की वारदात पूरे हरियाणा में चल रही है। सरेआम व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर फिरौती हड़पने के लिए सरेआम गोलियां चलाई जाती हैं ताकि व्यापारी दहशत में आकर बदमाशों को फिरौती देने के लिए मजबूर हो जाएं। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि जुलाना के व्यापारी के साथ हुई घटना को लेकर जल्द ही व्यापार मंडल जींद पुलिस अधीक्षक को मिल कर व्यापारियों की सुरक्षा की मांग करेगा तथा अपहरण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष बजरंग दास गर्ग को इस घटना की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जींद आकर व्यापार मंडल का संगठन आंदोलन करने के लिए तैयार है।

दिन-प्रतिदिन बढ़ रही घटनाएं

महावीर कम्प्यूटर ने कहा कि दिन-प्रतिदिन घटनाएं बढ़ रही हैं और हरियाणा में कानून नाम की कोई चीज नही है। अपराधियों के हौसले बुलंद है। महावीर कम्प्यूटर ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि पुलिस विभाग को बदमाशों का पक्का इलाज करने के लिए पुलिस विभाग को खुले निर्देश मिलने चाहिए और पुलिस विभाग को अच्छे आधुनिक हथियार, व्हीकल इत्यादि मुहैया कराने चाहिए। क्योंकि बदमाशों के पास अत्याधुनिक हथियार हैं।

उचाना। मंडी में आई सरसों की तुलाई करते मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

सरसों के भाव अच्छे मिलने से किसानों के चेहरे खिले

उचाना। किसानों को सरसों के भाव एमएसपी से अधिक मिलने पर किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे है। किसानों को आने वाले दिनों में भाव बढवे की उम्मीद है। इन दिनों सरसों के भाव कम से कम 6290 रुपये प्रति क्विंटल से लेकर 6495 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे है। वर्ष 2025 में इन दिनों भाव 5295 रुपये से 5595 रुपये प्रति क्विंटल इन दिनों किसानों को प्राइवेट बोली पर मिल रहे थे। सरकार द्वारा 6200 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी सरसों का तय किया है। 27 मार्च से सरसों की खरीद शुरू होनी है। सरसों की आवक मंडी में काफी दिनों से शुरू है। भाव किसानों को जो प्राइवेट बोली पर मिल रहे है, वो एमएसपी से अधिक मिल रहे है। किसानों को भाव बढवे की उम्मीद है। अब तक 793 क्विंटल सरसों की खरीद मंडी में हो चुकी है। किसान राजबीर, मंजीत, सुभाष, राजू ने कहा कि सरसों की फसल मंडी में लाते ही बिक रही है। जो भाव मंडी में इन दिनों मिल रहे है वो जो सरकार ने एमएसपी भाव तय किया है उससे अधिक है। किसी तरह की परेशानी किसानों को फसल बेचने में नहीं आ रही है। भाव आने वाले दिनों में भी बढवे की उम्मीद है। मार्केट कमेटी सचिव योगेश ने कहा कि सरसों के भाव इन दिनों प्राइवेटी बोली पर एमएसपी से अधिक मिल रहे हैं। 27 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू होनी है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला जल एवं सीवरेज मिशन की समीक्षा बैठक का आयोजन

जल हमारे जीवन का आधार, हर बूंद का समझें महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि स्वच्छ पेयजल और बेहतर सीवरेज व्यवस्था प्रत्येक नागरिक का अधिकार है तथा इसे सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को जल महोत्सव को लेकर आयोजित जिला जल एवं सीवरेज मिशन की तृतीय समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल एवं सीवरेज से संबंधित सभी शिकायतों का समयबद्ध, और प्रभावी समाधान किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बताया कि 22 मार्च तक जिले में जल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल तथा हर घर जल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही जल अर्पण दिवसश के माध्यम से उन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जहां पेयजल आपूर्ति का संचालन पंचायतों द्वारा किया जा रहा है ताकि लोगों में पानी के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। डीसी ने निर्देश दिए कि वीडब्ल्यूएसई कमेटियों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों के बैंक खाते शीघ्र खोले जाएं। आगामी ग्रीष्म रितु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सिंचाई विभाग एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जींद। बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि जल केवल एक संसाधन नही बल्कि जीवन का आधार है। आने वाली पीढियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आज ही जल संरक्षण को अपनी आदत बनाना होगा। मौके पर कार्यकारी अभियंता प्रशांत सिल्वानिया ने क्रम अनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति एवं सीवरेज से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए आमजन टोल फ्री नंबर 18001805678 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

जींद। आंखों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

54 मरीजों का आप्रेशन के लिए चयन

जींद। लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा 57वां आंखों का कैम्प अग्रवाल धर्मशाला में लगाया गया। कैंप में मुख्यातिथि के रूप में जिला गवर्नर लायन विशाल वडेरा और सम्मानित अतिथि वीडीजी वन लायन संजय गांधी व लायन महेश बंसल रहे। कैंप में चार्टर अध्यक्ष सुरेश जिंदल, क्लब के प्रधान विकास मित्तल, लायन राजीव सिंगल एडवोकेट सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कैंप में करीब 259 मरीजों के आंखों की जांच की गई। जिसमे 54 मरीजों को ऑप्रेशन के लिए दिल्ली वेन्यू आई इंस्टीट्यूट एवम रिसर्च सेंटर में ले जाएगा। अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। वीरवार को ये सभी वापस अग्रवाल धर्मशाला में वापस आएंगे। इस कैंप में जींद व गांवों से आए बुर्जगों, माताओं व बहनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और संस्था के इस कार्य की सराहना की। अभी तक क्लब दस हजार आंखों के सफल आप्रेशन करवा चुका है। इसके लिए क्लब का प्रत्येक सदस्य बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी के बिना मनुष्य का जीवन अधुरा है। निस्वार्थ मानवता की सेवा ही भगवान की सेवा है। थोड़ी सी ही लापरवाही आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। किसी की अंधकार जिंदगी में नेत्र प्रदान करना सबसे पुण्य का कार्य है।

खबर संक्षेप

चुनाव में लोकतांत्रिक मूल्यों की जीतः हंस

सीवन। हरियाणा के विधायक देवेंद्र हंस ने चंडीगढ़ से लौटने के बाद अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्यसभा चुनाव को लेकर अपने विचार सांझा किए और कर्म सिंह बोध को जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया और कर्म सिंह बोध के पक्ष में मतदान किया। उनके अनुसार यह केवल मतदान नहीं, बल्कि सिद्धांतों और जनता के विश्वास की रक्षा का प्रतीक था।

उपायुक्त के दौरे का दिखा असर

कैथल। डीसी अपराजिता द्वारा चिल्ड्रन एवं जवाहर पार्क के दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों का असर अब पार्क में स्पष्ट दिखने लगा है। पार्क में साफ-सफाई और ज्यादा बढ़ी है। डीसी के निर्देश के बाद ईओ नगर परिषद संदीप सिंह सोलंकी हर रोज पार्क में स्वच्छता की निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि डीसी अपराजिता ने गत 25 फरवरी को चिल्ड्रन पार्क सहित जवाहर पार्क का निरीक्षण किया था। उनके साथ नगर निकाय विभाग के अधिकारियों सहित पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे।

भव्य कीर्तन का आयोजन किया

राजौंद। क्षेत्र के नगर खेड़ा स्थित खाटू श्याम बाबा मंदिर में पाप मोचनी एकादशी के पावन अवसर पर दादा खेड़ा के प्रांगण में श्री श्याम मंदिर में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाओं ने भाग लेकर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।
कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद भजन-कीर्तन का दौर शुरू हुआ। भजन गायकों ने बाबा श्याम के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।

सीवन में विकास ने पकड़ी रफ्तारः सैनी

सीवन । सीवन नगर पालिका की अध्यक्षा हेमलता सैनी व युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता संदीप सैनी ने भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी से मुलाकात कर उन्हें एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दी। इसके बाद सीवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ज्योति सैनी के नेतृत्व में जिला कैथल में भाजपा संगठन ने मजबूती हासिल की है। बीते एक वर्ष में संगठन ने बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत की है और कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है।

प्रतिनिधि की उपस्थिति में गेट पास काटने का निर्णय

पाई। सरकार द्वारा किसानों की परेशानी को देखते हुए पंजीकरण किसान के साथ-साथ उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में भी फसल का गेट पास काटने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय यह है कि सरकार द्वारा पहले यह निर्णय लिया गया था, की जिस किसान के नाम से पंजीकरण होगा, उसी के नाम से गेट पास, उसका अंगूठा लगवा कर काटा जाएगा। जिस पर किसान यूनियन द्वारा एतराज जाहिर किया गया था। सरकार ने अब फैसला लिया कि अगर पंजीकरण किसान मौके पर उपस्थित नहीं होता तो उसके प्रतिनिधि उसके नाम का गेट पास कटवा सकते हैं।

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न

कैथल। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि, कैथल एवं भारत संस्कृत परिषद् (संस्कृत आयाम, विश्व हिन्दू परिषद्) के संयुक्त तत्वावधान में टीक परिसर में आज प्रातः 11:30 बजे संस्कृत भाषा कौशल संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राजेन्द्रकुमार अनायत ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भारत संस्कृत परिषद् के हरियाणा प्रान्त प्रमुख डॉ. अश्विनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ।

डीसी ने किया गांव सांपन खेड़ी में बन रहे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निर्माण जून तक पूरा करें: डीसी

935 करोड़ रुपये की लागत से बन रही परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने मंगलवार को गांव सांपन खेड़ी में निर्माणाधीन भगवान परशुराम राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लेते संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में सबसे पहले अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। जहां सात मंजिला भवन में जमीनी तल सहित प्रत्येक मंजिल पर बनाए जा रहे चिकित्सीय कक्ष, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, के बारे में नक्शे के माध्यम से जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक ब्लॉक, छात्रावास तथा रेजिडेंट डॉक्टरों के आवासीय परिसर का एक-एक कर अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने बिल्डिंग प्लान का बारीकी से अवलोकन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी लगातार इसकी प्रगति को लेकर निर्देश देते हैं, ताकि कैथल के लोगों को जल्द से जल्द इस कॉलेज की सेवाएं मिल सकें। करीब 935 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है और इसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में निर्माण कार्य का लगभग 83 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद कैथल सहित आसपास के जिलों के लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। अभी गंभीर मरीजों को इलाज के लिए चंडीगढ़, रोहतक पीजीआई या कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थानों में रेफर करना पड़ता है। नए मेडिकल कॉलेज के संचालन से इस समस्या में काफी हद तक कमी आएगी।

कैथल। डीसी अपराजिता निर्माणाधीन भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

530 बेड का अस्पताल 100 एमबीबीएस सीटें

डीसी अपराजिता ने बताया कि करीब 20 एकड़ भूमि पर कैथल-करनाल रोड स्थित गांव सांपन खेड़ी में बन रहे इस मेडिकल कॉलेज में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 530 बिस्तरों वाला बहुमंजिला अस्पताल भवन तैयार किया जा रहा है। इसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और कई मंजिलें शामिल हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। कॉलेज में परीक्षा हॉल सहित सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

छात्रों और स्टाफ के लिए आधुनिक सुविधाएं

डीसी अपराजिता ने बताया कि परियोजना के तहत छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाए जा रहे हैं, जिनमें लड़कों के लिए 350 और लड़कियों के लिए 250 क्षमता के छात्रावास तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा जूनियर और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों तथा क्लास-1 व क्लास-2 अधिकारियों के लिए आवासीय ब्लॉक भी तैयार किए जा रहे हैं।

निर्धारित समय अवधि में कार्य पूरा करने के निर्देश

डीसी अपराजिता ने बताया कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया है। अधिकारियों व संबंधित एजेंसी को निर्धारित समय अवधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। करीब 935 करोड़ रुपये की लागत से यह कालेज बनाया जा रहा है, जहां कार्य तेजी से प्रगति पर है और इसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। सरकार द्वारा मेडिकल कालेज के लिए निदेशक की नियुक्ति कर दी गई है।

विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का किया अवलोकन

पूंडरी। हरियाणा विधानसभा का भ्रमण करते विद्यार्थी व अन्य।

- बजट सत्र 2026 के 12वें दिन बरोट व बंदराना स्कूल के छात्रों को मिला लोकतंत्र को करीब से समझने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र 2026 के 12वें दिन पुंडरी क्षेत्र के 'राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बरोट व बंदराना' के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को विधानसभा की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें उन्होंने लोकतांत्रिक प्रणाली को करीब से समझा। विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही को ध्यानपूर्वक देखा और यह जाना कि किस प्रकार जनप्रतिनिधि जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाते हैं तथा नीतियों और योजनाओं पर चर्चा कर निर्णय लिए जाते हैं। इस अनुभव ने छात्रों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक मजबूत किया। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझ सकें और भविष्य में एक जागरूक नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। उन्हें नीति-निर्माण की प्रक्रिया और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों से अवगत कराना जरूरी है, ताकि वे समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ सकें।

आभार व्यक्त किया

विधायक ने इस अवसर के लिए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया यह अवसर उनके जीवन में एक नई दिशा देने वाला अनुभव साबित होगा। विद्यार्थियों और अध्यापकों ने भी इस पहल के लिए विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का एक यादगार और सीख देने वाला अनुभव रहा।

रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर आप का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय चौंक पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जगमग मटौर की अध्यक्षता में कार्यकर्ता जिला कार्यालय में एकत्रित हुए और बाद में जींद रोड पर सिलेंडर सिर पर रखकर विरोध जताया। इस दौरान ऊपर मोदी, नीचे नायब-हर रसोई से सिलेंडर गायब और भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारों के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया गया। प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत, जिला अध्यक्ष जगमग मटौर, महिला जिला अध्यक्ष सोनिया शर्मा ने आरोप लगाया कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में नायब सरकार रसोई गैस, पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है।

कैथल। रसोई गैस न मिलने के विरोध में प्रदर्शन करते आप नेता व कार्यकर्ता।

चेन स्नेचिंग के मामले में भगौड़ा गिरफ्तार

कैथल। पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार द्वारा वर्ष 2016 दौरान चैन स्नैचिंग मामले में लगातार भगौड़े चल रहे आरोपी हंसराज उर्फ हांसा निवासी सुनाम पंजाब को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 18 सितंबर 2016 को अपने अन्य महिला सहयोगियों के साथ सीवन बस अड्डा के पास से एक महिला को कार में लिफ्ट देकर उसकी सोने की चेन छीनने का आरोप है। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज है।

छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से किया नशा न करने बारे जागरूक

- प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में ड्रग अवेयरनेस सेल के तत्वावधान में नशा मुक्ति विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस नाटक का विषय /"नशा छोड़ो ,जीवन छोड़ो/" के माध्यम से कलाकारों ने संजीव प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने एक युवक के नशे के गिरफ्त में आने और फिर उसे बाहर निकालने की कहानी को प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को भावात्मक रूप से जोड़ते हुए यह संदेश दिया कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने दर्शाया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन एवं सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित करता है।

कैथल। कलायत के बस स्टैंड पर नशे के खिलाफ नाटक का मंचन करती छात्राएं।

अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की मांग

- आम लोगों को बुनियादी सुविधाए मुहैया कराई जाएं : आदित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा विस बजट सत्र में कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने अनधिकृत कॉलोनियों और आम जनमानस की बुनियादी समस्याओं पर तीखा हमला बोला। स्पष्ट कहा कि सरकार के अभिभाषण में अनधिकृत कॉलोनियों को रेगुलराइज करने की बात तो की , लेकिन उन कॉलोनियों की पूरी तरह अनदेखी हो रही है जहाँ एससी-बीसी व साधारण व्यक्ति रहता है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल में न तो रेगुलराइजेशन हो रहा है और न ही जन सुविधाएं दी जा रही है।आदित्य सुरजेवाला ने सरकार से तत्काल मांग की कि कैथल की इन अनधिकृत कॉलोनियों को रेगुलराइज किया जाए, एससी-बीसी बहुल क्षेत्रों में बहते सीवरेज को रोका जाए और आम लोगों को बुनियादी सुविधाएँ मुहैया कराई जाएँ। उन्होंने जोर दिया कि विकसित हरियाणा का दावा तभी सार्थक होगा जब हर नागरिक, चाहे वो किसी भी समुदाय का हो, साफ-सुथरी सड़कों, सीवरेज और बिजली पर रह सके।

आदित्य सुरजेवाला

भाजपा जनहित के कार्यों को और गति देगी : ज्योति

जिलाध्यक्ष का सफलतापूर्वक एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल में जिला जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी के कार्यकाल के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। "एक साल बेमिसाल — संगठन सशक्त, कार्यकर्ता खुशहाल" के संकल्प के साथ ज्योति सैनी के नेतृत्व में भाजपा कैथल ने संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ज्योति सैनी ने कहा कि यह एक वर्ष कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह कार्य करती है और हर कार्यकर्ता इसकी ताकत है। आने वाले समय में भी पार्टी जनहित के कार्यों को और गति देगी तथा संगठन को अधिक मजबूत बनाया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र ने ज्योति सैनी को बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में कैथल जिला संगठन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, राव सुरेंद्र सिंह, मुनीष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा हिमांशु गोयल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जंगीर सिसला आदि उपस्थित रहे।

कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी का स्वागत करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

पोलिंग पार्टियों को अंतिम प्रशिक्षण देकर किया रवाना

कैथल। पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 18 मार्च को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को अंतिम प्रशिक्षण देकर रवाना कर दिया गया है। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। डीसी अपराजिता ने बताया कि मतदान प्रक्रिया सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगी। चुनाव के लिए जिले में कुल चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। कैथल बार एसोसिएशन में प्रथम तल पर तीन बूथ बनाए गए हैं, जहां 1659 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, गुहला बार एसोसिएशन में प्रथम तल पर एक बूथ स्थापित किया गया है, जहां 146 अधिवक्ता मतदान करेंगे। चुनाव को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुल 6 पोलिंग पार्टियां तैनात की गई है।

कैथल। चुनाव के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां।

ईश्वर सिंह कन्या कॉलेज में 39वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह

संस्थान छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्धः प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में 39वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। महाविद्यालय का खेल मैदान इस अवसर पर ऊर्जा, जोश और प्रतिस्पर्धा की भावना से सराबोर नजर आया, जहां हर छात्रा ने अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मुंदड़ी (कैथल) के रजिस्ट्रार प्रो. संजय गोयल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पूंडरी चौधरी तेजवीर सिंह ने की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रेम लता रहीं और मंच संचालन डॉ. निधि ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. चौ. ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात ध्वजारोहण, शपथ ग्रहण और मशाल प्रज्वलन ने पूरे वातावरण को गौरवमयी बना दिया। उत्कृष्ट खिलाड़ी छात्राओं द्वारा ट्रैक पर आयोजित मशाल दौड़ ने दर्शकों में जोश भर दिया, वहीं मार्च-पास्ट के दौरान अनुशासन और एकता की शानदार झलक देखने को मिली।

पूंडरी। कन्या महाविद्यालय में 39वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान चौ. तेजवीर सिंह।

जीवन में खेलों का अपनाने का आह्वान

प्राचार्या डॉ. शकुंतला ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कहा कि संस्थान छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और खेल गतिविधियां उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। मुख्य अतिथि ने संस्थापक अध्यक्ष ईश्वर सिंह के महिला शिक्षा में अतुलनीय योगदान को याद करते कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते महाविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है और बेटियों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान रस्साकशी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, बोरी दौड़ और तीन टांग दौड़ जैसी अनेक रोमांचक प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ा। इस अवसर पर नगरपालिका पूंडरी के पूर्व वाईस चेयरमैन सरदार कुलविंद्र सिंह चठ्ठा, चमेल सिंह बरसाना, जगदीश कवात्रा, मनोज कुमार पूर्व सरपंच जांबा, धर्मपाल डीग सेवक गऊशाला पूंडरी, रमेश गोलन, सतबीर सिंह नंबरदार मुंदड़ी, जोगिंदर गोलन व बलबीर सिंह टयोठा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पूंडरी को मिली करोड़ों की विकास परियोजनाएं

पूंडरी। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास को निरंतर आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगभग ₹7 करोड़ 77 लाख की लागत से कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक सतपाल जाम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए पुंडरीक तीर्थ पार्क के सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण के लिए ₹415.65 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के अंतर्गत पार्क में सौंदर्यीकरण, आधुनिक सुविधाओं का विकास तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

एक मकान से चोरों ने नकदी और जेवरात चुराए

कैथल। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी व नहर कॉलोनी में स्थित एक मकान को निशाना बनाते हुए चोर सोने-चांदी के आभूषण और करीब 4 लाख रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। पहले मामले में सिविल लाइन पुलिस को दी शिकायत में गांव बाबा लदाना के धर्मेंद्र ने बताया कि वह नहर कॉलोनी तीन नंबर गेट स्थित बी-8 क्वार्टर में रहता है।

जैन स्थानक में होगा आज प्रवचन

उचाना। श्रीएसएस जैन सभा स्थानक उचाना मंडी में सुशील कुमारी महाराज ठाणे 6 और सुषमा महाराज ठाणे 5 विराजमान है। प्रधान दयानंद जैन ने बताया कि धर्मप्रेमी स्थानक पहुंच कर धर्मलाभ लें। हर रोज सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर प्रवचन होगा जब तक साध्वी स्थानक में विराजमान रहेगी।

नव जैन स्थानक डाहोला का शिलान्यास 22 को

उचाना। आगामी 22 मार्च को डाहोला गांव में नेहरा पत्ती के पास पंचायत सचिवालय के नजदीक नव जैन स्थानक का शिलान्यास पदम मुनि के सान्निध्य में होगा। एसएस जैन सभा डाहोला प्रधान ओमदत्त डाहोला ने बताया कि अतिशिष्ठ अतिथि के तौर पर जैन कांफ्रेंस चेयरमैन पानीपत विजय जैन होंगे।

इग्नू ने दाखिले की तिथि 30 मार्च तक बढ़ाई

जींद। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 मार्च 2026 कर दिया है। जानकारी देते हुए इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोड़कर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं।

ट्यूबवेलों से तार चोरी करने में कबाड़ी काबू

कैथल। जिला पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने ट्यूबवेलों से बिजली की तार चोरी करने के मामले में चोरीशुदा तार खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी को भी काबू कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पीलनी निवासी सोमदत्त की शिकायत अनुसार 02 मार्च की रात को अज्ञात चोर उसके खेत में बने कोठे का ताला तोड़कर ट्यूबवेल में लगी लगभग 70 फुट बिजली की तार चोरी कर ले गए।

संस्कृत, उर्दू व बायो की परीक्षा संपन्न

जींद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं की संस्कृत, पंजाबी और 12वीं कक्षा की संस्कृत, उर्दू, बायो टैक्नालाजी विषय की परीक्षा नकल रहित रही। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक होंगी। बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं।

विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ हुई तीखी नोक झोंक

एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र हितों की मांग को लेकर घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

एनएसयूआई के दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय पहुंचे और छात्र हितों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

- एनएसयूआई ने निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी गठन की उठाई मांग

दिल्ली यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रहे छात्र नेता रौनक खत्री और एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कुलपति के कार्यालय में मौजूद न होने पर छात्रों ने रजिस्ट्रार से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। यहां विश्वविद्यालय अधिकारियों से तीखी नोक झोंक हुई। घेराव के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दे रखे। पहली मांग होस्टल और मेस में व्याप्त अव्यवस्थाओं को सुधारने की थी। दूसरी मांग एससी और बीसी वर्ग के छात्रों की लंबे समय से रुकी हुई छात्रवृत्ति को तुरंत जारी करने की उठाई गई। इसके अलावा छात्रों ने उन प्रोफेसरों के खिलाफ उच्चस्तरीय कमेटी बना कर निष्पक्ष जांच की मांग की। जिनके खिलाफ हाल ही में एफआईआर दर्ज हुई है। रौनक खत्री ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही छात्रों के भविष्य पर भारी पड़ रही है और जांच में पारदर्शिता होना विश्वविद्यालय की गरिमा के लिए अनिवार्य है। रौनक खत्री ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जयदीप सिंधु, अजमेर रेढू, डॉ. मोहित नैन, मंजीत खोखरी, सचिन राठी, रविंद बडौदा, प्रवेश लाठर, आशीष मलिक, सुखविंद्र ढुल सहित एनएसयूआई सदस्य और छात्र मौजूद रहे।

जींद। छात्रों के बीच बैठे रजिस्ट्रार राजेश बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

रौनक खत्री ने प्रशासन को चेतावनी दी

छात्रों को संबोधित करते हुए रौनक खत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की छात्रवृत्ति में देरी सामाजिक न्याय के खिलाफ है और होस्टल व मेस की खराब व्यवस्थाएं छात्रों के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। रौनक खत्री ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगाए जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

संगठन हमेशा छात्रों की आवाज उठाता रहा

वहीं एनएसयूआई अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने कहा कि संगठन हमेशा छात्रों की आवाज उठाता रहा है और अधिकारों की लड़ाई में पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने रजिस्ट्रार से मांग की कि इन समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाया जाए।

कैथल। एसपी से मिलने पहुंचे गांव बाता के महंत नरेशपुरी और ग्रामीण।

गांव बात्ता के बाबा राजपुरी डेरा का महंत विवाद गरमाया

- महंत नरेशपुरी के साथ एसपी से मिले गांव के गणमान्य व्यक्ति
- कहा-सोमपुरी को डेरा तो क्या गांव में भी नहीं घुसने देंगे
- एसपी से डीएसपी को सौपी मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

बाबा राजपुरी डेरा बात्ता के महंत को लेकर मामला गरमाता नजर आ रहा है। मामले में मंगलवार को महंत नरेशपुरी के साथ दर्जनों ग्रामीण सचिवालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक उपासना से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले डेरे के पूर्व महंत सोमपुरी ने एक झूठी शिकायत दी थी, जिसमें उसने आरोप लगाया गया था कि उसे कुछ लोगों ने जबरन गद्दी से हटाया है और डेरे की जमीन भी हड़प ली। ग्रामीणों का कहना था कि महंत सोमपुरी झूठ बोल रहा है और इसके साथ कोई भी ग्रामीण नहीं है। पूर्व पंच अनूप सिंह ने बताया कि डेरे के मुख्य महंत ओमपुरी वर्ष 2010 में चोला छोड़ गए थे और उसके बाद महंत सोमपुरी को डेरे की गद्दी पर बैठाया गया था लेकिन महंत सोमपुरी का आचरण गलत था और वह नशे का आदि भी था। करीब 5-7 वर्ष महंत सोमपुरी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

हुई थी बदनामी

ग्रामीणों ने बताया कि सोमपुरी ने बात्ता डेरे के साथ-साथ पूरे गांव की बदनामी करवाई थी। उसके बाद ग्रामीणों ने गांव क्योड़क डेरे के महंत नरेशपुरी के पास गए थे। इसके साथ ही गांव क्योड़क के ग्रामीणों से निवेदन किया था कि महंत नरेशपुरी जी महाराज गांव क्योड़क के साथ-साथ गांव बात्ता के बाबा राजपुरी डेरे की गद्दी भी संभालें। इसके बाद गांव क्योड़क व बात्ता के ग्रामीणों की सहमती से ही महंत नरेशपुरी को गांव बात्ता में बाबा राजपुरी डेरे में गद्दीनशीन बनाया था।

बोले पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक उपासना ने बताया कि महंत नरेशपुरी के साथ गांव बात्ता के लोग उनसे मिले थे। उन्होंने अपनी बात रखी है। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच गुहला के पुलिस अधीक्षक को सौपी है।

जानलेवा हमले में दो गिरफ्तार

- पुलिस आरोपियों को पकड़कर मामले की जांच कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सिविल लाइन थाना पुलिस ने गांव पांडु पिंडारा में फायरिंग व जानलेवा हमला करने के मामले में हथियार समेत दो आरोपितों को काबू किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि 15 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव पिंडारा में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया है। इसमें फायरिंग भी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सामने आया कि आपसी रंजिश के कारण मनजीत व महेंद्र ने बलवान वासी पांडु पिंडारा पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में मनजीत व महेंद्र को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयोग किया गया पिस्तौल भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

जींद। पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपित। *फोटो : हरिभूमि*

कर्मबीर बौद्ध की जीत पर कांग्रेसियों ने बांटे लड्डू

- कर्मबीर बौद्ध की जीत लोकतंत्र की जीत : रिषिपाल हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों में से एक पर कांग्रेस उम्मीदवार कर्मबीर सिंह बौद्ध की जीत को लोकतंत्र की जीत करार देकर कांग्रेसियों ने मंगलवार को लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस दौरान कांग्रेसियों ने जहां खुशी जताई वहीं पार्टी से दगा कर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायको पर सख्त कार्रवाई की मांग बुलंद की। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने पार्टी उम्मीदवार कर्मबीर बौद्ध की जीत को लोकतंत्र की जीत बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने इस चुनाव को हैक करने का भरपूर प्रयास किया। किंतु जनता को जवाबदेही देने से बचने के लिए भाजपा को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा सरकार यह समझ चुकी थी कि धक्काशाही करने पर हरियाणा से लेकर दिल्ली की सडक़ों पर विरोध की लहरे उठने लगेगी। जिला प्रधान ने कहा कि पार्टी आला के नेतृत्व में जनता हितो के लिए आवाज बुलंद होती रहेगी। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि जिन विधायकों ने दगा की है, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। क्योंकि उन विधायकों ने ना केवल पार्टी अपितु साथ में वोट देने वाली जनता की भावनाओं पर भी कुठाराघात किया है। इस मौके पर ईशाक खान, जेपी रूहिल, दलबीर फोजी, रामकेश, जिला महासचिव पवन दुहन, वरिष्ठ नेता विजय मोर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जींद। खुशी मनाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

इनेलो पर आरोप

जिला प्रधान ने कहा कि इनेलो, भाजपा की बी टीम है। इनेलो ने भाजपा समर्थित निर्दलीय विधायक सतीश नांदल को पहले ही समर्थन दे दिया था। सतीश नांदल को समर्थन देने की बात इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र रेढू ने भी सार्वजनिक मंच पर कही थी। मगर इनेलो नेता इस बात को पहले समझ चुके थे कि कांग्रेस उम्मीदवार की जीत निश्चित है। इसलिए जनता की नजरों में घिरने से बचने के लिए इनेलो के दो विधायकों ने वोट नहीं किया। वोट ना करने के पीछे इनेलो नेता जो ड्रामेबाजी कर रहे है, उसको जनता खुब भांपती है। कांग्रेस के संगठन जिला महासचिव पवन दुहन के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने इक_ होकर पार्टी आला कमान खास कर हरियाणा के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री एंव नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन की जमकर सराहना की।

बनभौरी धाम तक 21 मार्च को निकलेगी ध्वजा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जय मां बनभौरी सेवा समिति जींद की ओर से 21 मार्च को बनखंड महादेव मंदिर से बनभौरी धाम तक विशाल पैदल ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रैस सचिव सोनू जैन ने बताया कि इस पैदल ध्वजा यात्रा में चंडीगढ़ से प्रमुख समाजसेवी सुभाष डाहौला मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। उनके साथ हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल तथा अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सोनू जैन ने बताया कि इस भव्य शोभा ध्वजा यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे भाग लेंगे। यात्रा का शुभांरभ बनखंड महादेव मंदिर हांसी रोड से होगा। यहां से श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लिए माता के जयकारे लगाते हुए पैदल बनभौरी धाम के लिए रवाना होंगे। यह पैदल यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों देवीलाल चौक अंडरपास, चक्कर रोड, घंटाघर, बैंक रोड, रामराय गेट, झांझ गेट और पटियाला चौक से होती हुई 22 मार्च की सुबह बनभौरी धाम पहुंचेगी। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी।

संजय भाटिया जीत से झूमे भाजपाई

- भाजपा नेता और करनाल लोकसभा के पूर्व सांसद संजय भाटिया राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

हरियाणा की राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण उस समय देखने को मिला जब वरिष्ठ भाजपा नेता और करनाल लोकसभा के पूर्व सांसद संजय भाटिया राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। इस खबर के सामने आते ही प्रदेश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि का स्वागत किया। पार्टी नेताओं ने इसे हरियाणा की राजनीति और संगठन के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने संजय भाटिया को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनका राज्यसभा पहुंचना हरियाणा के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि संजय भाटिया लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित और अनुभवी नेता के रूप में कार्य करते आए हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा कार्यकर्ताओं के साथ उनका जुड़ाव और जनता की सेवा के प्रति उनका समर्पण हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहा है।

राज्यसभा में आवाज उठाएंगे भाटिया

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने विश्वास जताया कि संजय भाटिया अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के दम पर राज्यसभा में हरियाणा के हितों और जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि भाजपा संगठन हमेशा उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को आगे बढ़ाने का काम करता है जो वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा करते हैं। संजय भाटिया का राजनीतिक जीवन इसी समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पार्टी को पूरा विश्वास है कि संजय भाटिया राज्यसभा में प्रदेश के विकास किसानों युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाकर हरियाणा का नाम देशभर में रोशन करेंगे। संजय भाटिया का राज्यसभा सदस्य बनना भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

जुलाना के व्यापारी के अपहरण की वारदात से प्रदेश के व्यापारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने जुलाना के व्यापारी सुशील तायल को अपराधियों द्वारा सुबह पहले किडनैप करने की कोशिश करने पर चिंता प्रकट की। जुलाना के व्यापारी को किडनैप की वारदात से प्रदेश के व्यापारी में बड़ा भारी रोष है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में हर रोज व्यापारियों के साथ लूटपाट, अपहरण, फिरौती व हत्या की वारदातें हो रही है। हरियाणा में लगातार अपराध बढऩे से व्यापारी भय के साये में जी रहा है। प्रदेश का व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए भयभीत है। बजरंग गर्ग ने पुलिस अधीक्षक को जुलाना के व्यापारी सुशील तायल को अपहरण करने की कोशिश करने वाले तीनों अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपराधियों के पक्का चीरा लगाने की जरूरत है ताकि कोई भी अपराधी हरियाणा में अपराध करने की हिम्मत ना कर सकें। अपराधी जेलों व विदेशों में बैठ कर अपना गैंग चला रहे हैं। खुलेआम व्यापारी व उद्योगपतियों से फिरौती मांगी जा रही है। जेलों में अपराधी मोबाइल के माध्यम से जो फिरौती मांग रहे हैं और अपना गैंग चल रहे है। जेलों में अपराधियों के पास मोबाइल कहां से आते हैं, इसका मतलब जेल प्रशासन अपराधियों से मिला हुआ है।

मुस्कान का डांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर जोनल व अंतर जोनल स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुण्डरी

गांव बाकल की होनहार छात्रा मुस्कान, जो कन्या महाविद्यालय में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है, इन दिनों अपने शानदार हरियाणवी डांस को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर उन्होंने जोनल व अंतर जोनल स्तर की कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुस्कान ने जोनल स्तर पर लूर डांस, ग्रुप हरियाणवी डांस, रसिया डांस और हरियाणवी पॉप डांस में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही अंतर जोनल स्तर पर भी लूर डांस में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी इन शानदार प्रस्तुतियों के चलते उन्हें हरियाणवी नृत्य में ओवरऑल रनर अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इन दिनों मुस्कान का डांस क्षेत्र में खासा फेमस हो चुका है।

पूंडरी। स्टाफ के साथ गांव बाकल की बेटी व कन्या महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान।

यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा

प्राचार्य डॉ शकुंतला सिंगला सहित डॉ अमित राणा, डॉ पुष्पा और डॉ सीता ने बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और भविष्य में भी वे इसी तरह सफलता हासिल करती रहेंगी। गांव बाकल के लोगों ने भी मुस्कान की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

धर्म-कर्म

पिंडारा तीर्थ में श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी, लगेगा मेला, उमड़ेगा आस्था का सैलाब

चैत्र माह की अमावस्या आज, पितृ दोष से मुक्ति के लिए विशेष फलदायी

पिंडारा तीर्थ पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ सुरक्षा के प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

वर्ष 2026 में मार्च महीने की अमावस्या (चैत्र अमावस्या) 18 और 19 मार्च को दो दिन रहेगी। वहीं नवरात्र भी 19 मार्च से शुरू होंगे। मुख्य अमावस्या तिथि 18 मार्च बुधवार को सुबह 8:25 से शुरू होकर 19 मार्च वीरवार की सुबह 6 बजकर52 मिनट तक रहेगी। इसलिए पितृ तर्पण और दान 18 मार्च को और उदया तिथि के अनुसार स्नान व दान 19 मार्च को करना उत्तम होगा। इस अमावस्या को चैत्र अमावस्या (भूतड़ी अमावस्या) भी कहा जाता है। श्राद्ध और तर्पणके लिए 18 मार्च को करना सबसे अच्छा रहेगा। वहीं स्नान और दानश्रद्धालु 19 मार्च को सुबह कर सकते हैं। स्नान दान मुहूर्त 19 मार्च को ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:42 से 7:12 बजे तक का रहेगा। 18-19 मार्च को चैत्र अमावस्या के साथ ही विक्रम संवत 2082 समाप्त होगा। पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार को चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालु सरोवर में स्नान, पिंडदान करके करके तर्पण करेंगे। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

जींद। पांडू पिंडारा तीर्थ, जहां श्रद्धालु स्नान कर पितृ तर्पण करेंगे। *फोटो : हरिभूमि*

चैत्र अमावस्या का विशेष महत्व : नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि जो लोग पितृ दोष से मुक्ति की कामना करते हैं, उन्हें इस दिन सुबह उठ कर सूर्य देव को अघ्य देना चाहिए। फिर अपने पितरों का तर्पण या पिंडदान करवाना है। इसके बाद पितृ चालीसा का पाठ और वैदिक मंत्रों का जाप करना है। ऐसा करने से पितृ दोष का प्रभाव कम होगा। इसके साथ ही उन्हें मोक्ष मिलेगा। 18 मार्च को चैत्र माह की अमावस्या पितरों को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि किसी जातक की कुंडली में पितृ दोष है, तो चैत्र अमावस्या पर विशेष पूजा और तर्पण करना अत्यंत लाभकारी होता है।